आकाशवाणी श्री विजयपुरम

24.02.2025 समय : 1850

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किस्त जारी की।
- केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने ई–श्रम मोबाइल एप्लिकेशन की शुरूआत की।
- विम्बर्लीगंज शैक्षणिक क्षेत्र के अंतर्गत माध्यमिक स्कूल, कन्यापुरम में ''स्कूलों में शतरंज'' कार्यक्रम आयोजित।
- कल और छब्बीस फरवरी को द्वीपसमूह के एकाध भागों में गरज के साथ भारी बारिश होने की संभावना है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज बिहार के भागलपुर से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की उन्नीसवीं किस्त जारी की। योजना के नौ करोड़ अस्सी लाख लाभार्थी किसानों के बैंक खातों में सीधे बाईस हजार सात सौ करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि जारी की गई। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की छठी वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित किया गया। प्रधानमंत्री ने बिहार में किसानों से जुड़ी योजनाओं समेत विभिन्न विकासीय परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण भी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किसानों के लिए पीएम किसान सम्मान निधि योजना की छठी वर्षगांठ पर देश भर के सभी किसानों को बधाई दी। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि इस योजना के अंतर्गत अब तक लगभग तीन लाख पचास हजार करोड़ रुपये किसानों के खातों में पहुंच चुके हैं। उन्होंने कहा कि यह पहल देश के किसानों को सम्मान, समृद्धि और नई ताकत दे रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले दस वर्षों में उनकी सरकार के प्रयासों से देश में कृषि क्षेत्र का तेजी से विकास हुआ है। उन्होंने कहा कि लाखों छोटे किसानों को वित्तीय मदद मिलने से अब उनके लिए बाजार सुलभ हो गया है। श्री मोदी ने कहा कि इसके साथ ही खेती की लागत कम हुई है और उनकी आय भी बढ़ी है। एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को अपने किसानों पर गर्व है।

<><><><><><><>

केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया ने कहा है कि श्रम सुधार देश की कार्यबल नीतियों को आधुनिक बनाने का आधार रहे हैं। नई दिल्ली में सामाजिक न्याय पर पहली क्षेत्रीय वार्ता का उद्घाटन करते हुए उन्होंने कहा कि यह वार्ता नवीन समाधान तलाशने, क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने के लिए एक मंच के रूप में काम करती है। इस दौरान श्री मांडविया ने ई–श्रम मोबाइल एप्लिकेशन की भी शुरूआत की। उन्होंने कहा कि यह एप्लिकेशन पूरे देश में श्रमिकों की पहुंच और सुविधा को बढ़ाएगा। श्री मांडविया ने कहा कि आम बजट में दो हजार सैंतालीस तक कार्यबल में महिलाओं की सत्तर प्रतिशत भागीदारी करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा गया है।

<><><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक ने आज वित्तीय साक्षरता सप्ताह दो हजार पच्चीस का शुभारंभ किया है। इस वार्षिक पहल का उद्देश्य लोगों को वित्तीय रूप से जागरूक करना है। इस वर्ष का विषय "वित्तीय साक्षरता – महिला समृद्धि" है। यह अभियान आज से अट्ठाईस फरवरी तक चलेगा। इसका शुभारंभ आज अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में आरबीआई क्षेत्रीय कार्यालय ईटानगर के महाप्रबंधक अभिषेक मजूमदार ने किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की थीम महिलाओं को वित्तीय और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने पर बल देती है। उन्होंने बैंक कर्मचारियों से कहा कि वे सरकार और बैंकों के सभी डिजिटल वित्तीय और बैंकिंग ऐप का उपयोग करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करें।

<><><><><><><>

शिक्षा विभाग की पहल पर आज विम्बर्लीगंज शैक्षणिक क्षेत्र के अंतर्गत माध्यमिक स्कूल, कन्यापुरम में ''स्कूलों में शतरंज'' कार्यक्रम शुरू हुआ। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य अब्दुल सलीम, शिक्षा उप–निदेशक डॉ. मनोहरन और शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में शतरंज के लाभों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इससे स्मृति को बढ़ावा देने, एकाग्रता और ध्यान बढ़ाने में मदद मिलती है। डॉ. मनोहरन ने छात्रों को कार्यक्रम का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया और युवा बच्चों के बीच शतरंज को बढ़ावा देने के लिए विम्बर्लीगंज क्षेत्र के लिए एक अंतर–विद्यालय शतरंज टूर्नामेंट आयोजित करने की योजना की घोषणा की। उन्होंने स्कूलों को शतरंज और अन्य सह–पाठयक्रम गतिविधियों को बढ़ावा देकर बैगलेस दिनों का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया, जिससे छात्रों के लिए एक समग्र सीखने का अनुभव विकसित हो सके।

<><><><><><><>

निर्वाचन आयोग चार और पांच मार्च को नई दिल्ली में सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन आयोजित करेगा। ज्ञानेश कुमार के मुख्य निर्वाचन आयुक्त बनने के बाद निर्वाचन आयोग द्वारा आयोजित यह पहला सम्मेलन है। इस सम्मेलन में राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के चुनाव अधिकारियों को विचार–विमर्श करने और एक–दूसरे के अनुभवों से सीखने का अवसर मिलेगा।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय विज्ञान दिवस सप्ताह के तहत श्री विजयपुरम स्थित विज्ञान केंद्र की ओर से हाल ही में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। छात्रों के लिए 'प्रकृति की गंध' नामक प्रतियोगिता आयोजित की गई। छात्रों को विज्ञान केंद्र का दौरा कराया गया, जहाँ उन्होंने विभिन्न पौधों की प्रजातियों की विशेषताओं, सुगंधों और औषधीय गुणों के बारे में जाना। इसके अलावा पौधा पहचान प्रतियोगिता भी आयोजित की गई, जिसमें छात्रों को उनकी गंध और उपस्थिति के आधार पर पौधों के नमूनों को पहचानने की चुनौती दी गई। प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के छात्रों के लिए 'पेंटिंग प्रतियोगिता' आयोजित की गई। प्रतियोगिता में श्री विजयपुरम और उसके आसपास के विभिन्न स्कूलों के दो सौ से अधिक छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को अट्ठाईस फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पुरस्कार वितरित किए जाएंगे।

<><><><><><><>

कला और संस्कृति विभाग की ओर से कला और संस्कृति, राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सद्भाव, भाईचारे की गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अनुदान सहायता के रूप में पच्चीस हजार रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस सिलसिले में द्वीपसमूह के इच्छुक स्थानीय सांस्कृतिक संगठनों से आवेदन आमंत्रित किए गए थे। अब तक पन्द्रह सांस्कृतिक संगठनों ने अपने आवेदन जमा किए हैं। इस संबंध में, दावे, आपत्तियां या सुझाव प्रकाशन की तिथि से सात दिनों की अवधि के भीतर सेलुलर जेल परिसर स्थित कला एवं संस्कृति निदेशक के पते पर जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय का अड़तीसवां दीक्षांत समारोह पांच मार्च, को आयोजित किया जाएगा। जिन शिक्षार्थियों ने दिसंबर–दो हजार तेईस और जून–दो हजार चौबीस की परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है, उन्हें डिग्री या डिप्लोमा प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए निर्धारित शुल्क के साथ खुद को पंजीकृत करने को कहा गया है। पंजीकरण और शुल्क जमा करने के लिए ऑनलाइन पोर्टल कल तक खुला रहेगा।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम स्थित मौसम कार्यालय के अनुसार कल और छब्बीस फरवरी को द्वीपसमूह के एकाध भागों में गरज के साथ भारी बारिश होने की संभावना है। इस दौरान हवा की गति पैंतीस से पैंतालीस किमी प्रतिघंटे से लेकर पचपन किमी प्रति घंटे तक चलने की संभावना है। मौसम की खराब स्थिति को देखते हुए मछुआरों को सत्ताईस फरवरी तक समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है।

<><><><><><><>

पर्यटन विभाग राष्ट्रीय जीवन रक्षक सोसाइटी के सहयोग से युवाओं के लिए समुद्र तट जीवन रक्षक पर सात दिवसीय कौशल विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन करेगा। मार्च के पहले सप्ताह में आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में बारहवीं पास उम्मीदवार, जो पन्द्रह मिनट में पांच सौ मीटर की दूरी तैर कर पार कर सकते हैं, वे आवेदन कर सकते हैं। इस प्रशिक्षण के लिए कुल पचास सीट उपलब्ध है। पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन अट्ठाईस फरवरी तक पर्यटन निदेशालय के नियोजन अनुभाग में जमा कर सकते हैं।

<><><><><><><>